कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 30/12/2021

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रारंभ

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर समीपस्थ ग्राम कोलिहापुरी में शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में प्रारंभ हुआ।

स्वच्छता–स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को लेकर प्रारंभ इस शिविर में महाविद्यालय की दोनों इकाईयों की लगभग 100 छात्राएँ शामिल हो रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का शुभारंभ सरपंच ज्वाला प्रसाद देशमुख के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम की पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक आर.के.वर्मा तथा प्राथमिक शाला की प्रमुख राखी चौधरी थी।

मुख्य अतिथि की देशमुख ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर के माध्यम से सेवा भावना जागृत होती है। वहीं हम ग्रामीण परिवेश से परिचित होते है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने शिविर की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी नेतृत्व एवं व्यक्तित्व क्षमता का विकास इस शिविर के माध्यम से होता है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता का कार्य इन सात दिनों में करना है।

इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. के.एल. राठी ने भी अपने विचार रखे। श्री सांई प्रसादालय के सौजन्य से जरूरतमंद छात्राओं एवं ग्रामीणों को कंबल का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत "ब्लू ब्रिगेड की छात्राओं ने शालेय स्तर पर हो रही परीक्षाओं में वीक्षण कार्य कर संचालन में सहयोग किया। बारिश की वजह से शाला परिसर में हुई गंदगी व कचरों की सफाई छात्राओं ने किया।

डॉ. ध्रुव ने बताया कि इस शिविर में प्रतिदिन प्रातः प्रभातफेरी, जागरूकता रैली, सर्वेक्षण के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित होगा। साथ बौद्धिक चर्चा, विशेष प्रशिक्षण, ग्रामीण बुजुर्गो, महिलाओं का सम्मान तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जावेगा।

शिविर में कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए टीके व्यापक प्रचार–प्रसार में भी योगदान दिया जावेगा। शिविर में शाला शिक्षकगण, स्वयं सेविकाएँ, विमल यादव, विजय चन्द्राकर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज की

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रारंभ